# अध्याय 18: डाक सेवाएं

## सामान्य जानकारी

हांगकांग में डाक सेवाएं Hongkong Post द्वारा प्रदान की जाती हैं, जो किफायती कीमत पर, भरोसेमंद, कुशल सेवा प्रदान करता है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपकी डाक शीघ्रता से डिलीवर हो, लिफाफे के दायें ऊपरी कोने पर टिकट लगाएं और पता साफ-साफ लिखें। यदि ऐसी नहीं होगा तो सुरक्षित हैंडलिंग के कारण आयटम में देरी हो सकती है। आपको यह सुनिश्चित करना भी याद दिलाया जाता है कि डाक के लिए टेंडर की जाने वाली सभी डाक वस्तुओं पर पर्याप्त डाक शुल्क अदा करें।

स्थानीय डाक के लिए सही पता प्रारूप खोजने में आम जनता की सुविधा के लिए Hongkong Post की वेबसाइट और Hongkong Post मोबाइल ऐप पर एक सही पता ऑनलाइन टूल प्रदान किया गया है। यह टूल आपको लिफाफे पर पता प्रिंट करने ओर डाक या अन्य प्रयोजन के लिए पते के लेबल प्रिंट करने में भी सक्षम करता हे। डिलीवर नहीं हुई डाक वापस लौटाने के लिए लिफाफे के सामने के भाग या पीछे के भाग में प्रेषक का नाम और पता लिखें। अधिक विवरण इस लिंक पर देखे जा सकते हैं: https://www.hongkongpost.hk/en/about_us/tips/correct_address/index.html/

हवाईडाक के सभी पत्रों पर नीले रंग में "By Air Mail" लेबल होना चाहिए। ये सभी डाकघरों में नि:शुल्क उपलब्ध हैं। लिफाफे के पते वाली तरफ ऊपरी बायें कोने पर या पार्सल और पैकेटों पर पते के नजदीक लेबल लगाएं। यदि आपके पास हवाई डाक लेबल नहीं है तो हवाई डाक आयटमों पर "BY AIR MAIL" लिखें।

डाक द्वारा भेजे गए सभी पार्सलों को कस्टम को Easy PreCustoms प्लेटफार्म या डाकघरों में उपलब्ध विशेष प्रपत्रों द्वारा घोषित करना चाहिए। डाक की

वस्तुओं का विस्तृत और सही विवरण (अर्थात ब्यौरा, मात्रा और वजन या परिमाण) सीमा-शुल्क घोषणा प्रपत्र में करना चाहिए। Easy PreCustoms प्लेटफार्म पर और विवरण के लिए कृपया विजिट करें https://easy-precustoms.hongkongpost.hk/epc/

डाक के लिए खतरनाक और निषिद्ध वस्तुओं की सूचना के लिए आप वेबसाइट पर यहां विजिट कर सकते हैं https://www.hongkongpost.hk/filemanager/common/poguide/en/6.3.pdf

## डाक सेवाएं

Hongkong Post पत्रों, पोस्टकार्डों, मुद्रित कागजों (केवल विदेशी डाक के लिए) और पार्सलों के साथ-साथ अन्य सेवाएं निम्नानुसार प्रदान करती है:

**पुर्नप्रेषण सेवा**: यदि आप स्थान बदल रहे हैं तो आपके व्यवसाय या आवासीय पतों से हांगकांग या विदेश में आपके नए पते पर आपकी डाक को पुर्नप्रेषित करने की व्यवस्था करना आसान है। इस सेवा के लिए आवेदनपत्र सभी डाकघरों में उपलब्ध हैं या वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं https://www.hongkongpost.hk/en/receiving_mail/redirection/

**स्पीडपोस्ट**: Speedpost दुनियाभर में 210 गंतव्यों और मेनलैंड चीन में 1900 शहरों में सुविधाजनक, तीव्र और पैसा-वसूल अंतर्राष्ट्रीय कोरियर सेवा प्रदान करती है। स्पीडपोस्ट 24-घंटे ऑनलाइन ट्रेकिंग सिस्टम द्वारा समर्थित है जो ग्राहकों को मन की अतिरिक्त शांति प्रदान करती है। सेवा सूचना का ब्यौरा स्पीडपोस्ट रेट प्लान (Pos15A/1) और पोस्टिंग गाइड (Pos15A/2) में उपलब्ध हैं जो Speedpost वेबसाइट https://speedpost.hongkongpost.hk/, और स्टॉक रहने तक प्रत्येक डाकघर में उपलब्ध हैं।

**स्थानीय CourierPost**: यह स्थानीय डाक डिलीवरी के लिए एक्सप्रेस, भरोसेमंद, सुविधाजनक, पैसा वसूल विकल्प है। कार्यदिवस के निर्दिष्ट समय पर या पहले पोस्ट की गई वस्तुओं के लिए Hongkong Post सेवा क्षेत्रों के लिए समयबद्ध डिलीवरी की गारंटी देती है। अधिक जानकारी के लिए आप वेबसाइट

https://www.hongkongpost.hk/en/sending_mail/local/lcp/ पर विजिट कर सकते हैं।

**रजिस्टर्ड डाक**: जब आप कुछ महत्वपूर्ण भेजते हैं तो आप यह सेवा चुन सकते हैं जिसके लिए आपको वस्तुएं डाक से भेजने के समय पोस्ट करने का एक प्रमाण-पत्र दिया जाता है। रजिस्ट्रेशन सेवा के बारे में जानकारी के लिए आप इस वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं https://www.hongkongpost.hk/en/sending_mail/local/registered/

**स्मार्ट पोस्ट**: स्थानीय डिलीवरी के लिए यह एक सस्ता विकल्प है। यह एक ऑनलाइन ट्रेकिंग सुविधा, और प्राप्तकर्ता के पते पर वस्तु सफलतापूर्वक डिलीवर होने या निर्दिष्ट डाकघर से प्राप्त करने पर ईमेल अलर्ट के साथ आती है। सेवा के विवरण के लिए कृपया विजिट करें https://www.hongkongpost.hk/en/sending_mail/local/smartpost/

**बीमा**: जब आप कोई कीमती चीज डाक से भेजते हैं तो आप Hongkong Post से इसका बीमा करवा सकते हैं ताकि वस्तु के गुम होने पर आपको क्षतिपूर्ति दी जा सके। कृपया डाकघर से जांच करें या हमारी वेबसाइट ब्राउज करें https://www.hongkongpost.hk/en/sending_mail/international/air/insured/ और उन देशों के बारें में जानें जिनमें यह सेवा समर्थन करती है।

## अनुपूरक सेवाएं

**PayThruPost**: आप एक ही स्थान पर बिल भुगतान के लिए Hongkong Post PayThruPost उपयोग कर सकते हैं। आपके सरकारी बिलों और यूटिलिटि बिलों का निपटान किसी भी डाकघर में पूरे हांगकांग में PayThruPost Service द्वारा किया जा सकता है। यह आसान और सुविधाजनक है। अधिक विवरण के लिए कृपया विजिट करें https://www.hongkongpost.hk/en/services/payment/

**e-Remittance सेवा**: Hongkong Post उपलब्ध करवाता है Western Union e-Remittance सेवा। यह सेवा धन भेजने/प्राप्त करने का किफायती और कुशल तरीका प्रदान करता है। Western Union e-Remittance चुनिंदा 49

डाकघरों में उपलब्ध है जो आपको दुनियाभर में 200 से अधिक देशों में धन भेजने में मदद करता है। प्राप्तकर्ता 5,15,000 से अधिक एजेंट लोकेशनों पर धन प्राप्त कर सकते हैं। अधिक विवरण के लिए कृपया विजिट करें https://www.hongkongpost.hk/en/services/remittance/electronic_remittance/

**डाकघर पोस्ट बॉक्स सेवा**: पता स्थान पर डाकिये द्वारा डिलीवरी देने के विकल्प में निजी डाकघर पोस्ट बॉक्स प्राप्ति के लिए उपलब्ध हैं जहां किरायेदार या उसका एजेंट डाक पैकेट ले जा सकता है। निजी पोस्ट आफिस बॉक्स 18 वर्ष से अधिक आयु के हांगकांग के निवासियों, या स्थानीय रजिस्टर्ड व्यवसायों या संगठनों को किरायें पर दिए जा सकते हैं। सेवा के विवरण के लिए कृपया विजिट करेंhttps://www.hongkongpost.hk/en/receiving_mail/letter_boxes/pobox/

**काउंटर संग्रहण और "iPostal Station"**: ई-कामर्स की बदलती हुई जरूरतें पूरा करने के लिए Hongkong Post ऑनलाइन खरीददारी अनुभव को अपग्रेड करने के लिए डाक संग्रहण समाधान प्रस्तुत करता है। EC-ship ऑनलाइन प्लेटफार्म पर डाक संग्रहण नंबर (MCN) रजिस्टर करने के बाद आप बिना किसी अतिरिक्त प्रभार के चयनित स्व-सेवा “iPostal Station” और/या डाकघर पर डाक वस्तु का संग्रहण करने का चुनाव कर सकते हैं। सेवा के विवरण के लिए कृपया विजिट करें https://www.hongkongpost.hk/en/receiving_mail/mcn/

**e-Cert सेवा:** Hongkong Post एक मान्यताप्राप्त प्रमाणन प्राधिकरण के रूप में बैंकिंग, वित्त, वाणिज्यिक, शिक्षा और सरकारी सेवाओं के क्षेत्र में ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन को सुरक्षित और सक्षम बनाकर व्यक्तिगत और संगठनात्मक ई-सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार की डिजीटल प्रमाणन और संबंधित सेवाएं प्रदान करती है। अधिक विवरण के लिए कृपया विजिट करें https://www.hongkongpost.hk/en/services/ecert/

## हमें संपर्क करें

| | |
|---|---|
| सामान्य पूछताछ | 2921-2222 |
| डाक ट्रेस करना | 2921-2211/<br>2921-2560 |
| स्पीडपोस्ट / स्थानीय CourierPost<br>• पिकअप<br>• खाता खोलना<br>• खाता संबंधी पूछताछ | <br>2921-2266<br>2921-2277<br>2921-2248 |
| डाकटिकट संग्रहण सेवाएं | 2785-5711 |
| प्रमाणन प्राधिकरण (e-cert) सेवाएं | 2921-6633 |
| काउंटर सेवाएं | 2525-5856 |
| डाक डिलीवरी | 2723-3454 |
| स्ट्रीट पोस्ट बॉक्स | 2356-2516 |
| ई-मेल | hkpo@hkpo.gov.hk |
| फैक्स | 2868-0094 |
| वेबसाइट | https://www.hongkongpost.hk |
| Hongkong Post मोबाइल एप्लीकेशन | iPhone/iPad संस्करण<br>Android संस्करण |